Then, Sir, while coming to my state of Pondicherry, we claimed Rs. 5 crores from the Central Government for the natural calamity that has affected our state which is in the coastal area. But the Central Government has not provided sufficient funds. What is the reply from the hon. Minister on this point ?

Then, Sir, the cyclone affected areas in AP have been visited by the Chief Minister and also the Opposition Leader, Mr. N. T. Rama Rao. Sir, a canard and a false campaign has been raised by the Opposition Leader, Mr. N. T. Rama Rao that the State Government is not doing any relief operation. When the Central Government in its statement admitted that relief operations have been done very well by the State Government, this Opposition Leader is raising a canard and a false campaign against the State Government. It is unfortunate.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): Please conclude.

SHRI V. NARAYANASAMY: Therefore, I want the Telugu Desam Members to persuade the Opposition Leader in AP to withdraw his statement. (*Interruptiods*).

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): Mr. Malaviya. (*Interruptions*) Dr. Reddy, Please.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, मेरे केवल दो प्रश्न हैं। आंध्र प्रदेश में 976 और तमिलनाडु में 7 व्यक्तियों की और दो व्यक्तियों की मृत्यु हुई पांडिचेरी में। इस प्रकार से 985 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है। तो मंत्री जी ने अपना जो वक्तव्य दिया है है उससे यह बात स्पष्ट नहीं है कि इस परिवार के जो आश्रित हैं उनको स्थाई रूप से बसाने के लिये क्या कदम उठाये हैं? और दूसरे, ऋण की वसूली, कर्ज की वसूली स्थगित की गयी है तो सरकार का कोई इरादा वहां पर कर्ज की माफी का भी है या नहीं?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): Before I call the next speaker, I would like to inform the House that because of the request made by the Minister of Parliamentary Affairs, after clarifications are sought on this and the Minister of State for Agriculture replies, the Deputy Minister of Finance will reply to the discussion on price rise. Then, in regard to the clarifications to be sought by hon. Members on the statement made by the hon. Minister of Steel and Mines, I would like to know from hon. Members whether they are prepared to sit to complete this item also

SOME HON. MEMBERS: We are prepared.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि जो एग्रीकल्चर सैक्टर में वहां पर क्रॉप की हानि हुई है उसका क्रॉप इन्श्योरेंस हुआ था या नहीं? दूसरा, वहां मवेशी या गाय जो काफी हद तक मर गयी है 22184 और 22950 और जो वहां बीमारी फैल रही है मवेशियों में भी उनको बचाने के लिये, उनकी रक्षा करने के लिये कितने वैटर्नरी डाक्टर काम में लगे हुये हैं? और वहां जो कालरा और एपिडेमिक फैल रही है इस साक्लोन के कारण उसके लिये वहां के हास्पिटलों में अभी बैड की आक्यूपैंसी का रेट क्या है? इसके अतिरिक्त मकान जो टूटे हुये हैं और इससे पहले भी वर्ष 1977 में दस हजार लोग मारे गये थे वहां कोस्टल एरिया में, स्ट्रांग स्ट्रक्चरल के मकान बनने चाहिये, उस तरह के डिजाईन बनाने की कोई सुविधा दी जा रही है या नहीं दी जा रही है? और मकान बनाने के लिये पचास हजार रुपये प्रति परिवार को वहां फिक्स पर्सेंट रेट आफ इंटरेस्ट पर कर्जा देना चाहिये।

तीसरा था, कि जो लोग मारे गये हैं, यहां दंगों में लोग मारे जाते हैं उनको एक-एक लाख रुपये का मुआवजा दिया जाता है, मेरी मांग है आपके माध्यम से मंत्री महोदय से कि कम से कम प्रति मृतक के पीछे पचास हजार रुपये करके उनको दिया जाये।

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश चतुर्वेदी): बस हो गया।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया: दूसरा, सर, वहां के लोगों को अपना काम शुरू करने के लिये पच्चीस हजार रुपये से ऊपर से 6 परसेंट के रेट आफ इंटरेस्ट पर वहां पर कर्जा दिया जाय। तीसरे, वहां पर नेवी और पुलिस के लोगों को लगाया गया तो मैं जानना चाहता हूं कि स्टेट में सिविल डिफेंस की ट्रेनिंग दिये हुये ट्रेंड लोग हैं या नहीं? और उनको उसमें इंवोल्वड किया था या नहीं किया था? और केन्द्रीय सरकार के स्वास्थ्य मंत्री ने अभी तक उस इलाके का विजिट किया है या नहीं किया है? क्योंकि वहां बीमारी फैल रही है?

[श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया]

महोदय, मैं आपके माध्यम से गुजारिश करूंगा कि वहां पर हालात ऐसे हो रहे हैं, वहां मुख्य मंत्री और वहां के विपक्ष के नेता दोनों ने इन इलाकों का दौरा किया है। किन्तु वहां की विपक्ष की पार्टी ने एक गन्दा सा माहौल बन दिया है और लोगों को भड़का रहे हैं। रिलीफ पार्टी के खिलाफ और एक आन्दोलन चल रहा है। इसकी भर्त्सना करनी चाहिये और इस पर रोक लग नी चाहिये, क्योंकि यह गवर्नमेंट के... (व्यवधान) रोकने की हर कोशिश कर रहे हैं... (व्यवधान) वहां पर... (व्यवधान) कौलर पकड़कर निकाला जा रहा है और यह विपक्ष की पार्टी वहां के लोगों को भड़का रही हैं। इस पर रोक लगानी चाहिये। धन्यवाद।

एक सम्मानित सदस्य : क्या बोल रहे हैं आप ?

डा रत्नाकर पाण्डेय (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से जानना चाहूंग कि 24 तारीख क स्टेटमेंट उसी रूप में हम लोगों को दिया गया है एक सप्ताह में। क्या मंत्री महोदय को इतना भी ध्यान नहीं था कि अपटूडेट स्टेटमेंट दें और उसी पुराने स्टेटमेंट को हम लोगों को क्यों इश्यू किया ? और मैं जानना चाहता हूं कि कुल 792.78 करोड़ रुपये कृषि का नुकसान हुआ है और क्षतिग्रस्त मकान 9.19 लाख हैं और इसमें कहा गया है कि आगे की विभिन्न आवश्यक एवं वित्तीय व्यवस्था करने वाली एजेंसीज से अनुरोध किया गया कि वे चक्रवात में ढह गये मकानों के स्थान पर पक्के मकान तैयार करने के लिये उदार शर्तों पर ऋण सुविधायें प्रदान करें।

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश चतुर्वेदी) : पढ़िये मत, पढ़िये मत।

डा रत्नाकर पाण्डेय : जब बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है तो ऋण क्यों लेंगे। उनके लिए सरकार चाहे वर्ल्ड बैंक से कर्ज ले चाहे कहीं और से लेकिन सब के लिए आवास की व्यवस्था करे, सब के कुशल क्षेम की व्यवस्था करे। इस पर मंत्री महोदय को क्या कहना है वह बतायें। एक और प्रश्न पूछना चाहता हूं कि दूर-संचार, सड़क, परिवहन, बिजली, रेलवे से संबंधित क्षति का भुगतान लगाने और मरम्मत/पुनर्स्थापन कार्य करने के लिए विभिन्न केन्द्रीय विभागों द्वारा कार्यवाही दलों का गठन किया गया है तो जो अनिवार्य सेवायें हैं क्या वह केन्द्रीय सरकार द्वारा चालू हो गई हैं और नहीं चालू हुई हैं तो क्यों नहीं हुई हैं ? अंत में कहना चाहूंगा कि जहां बाढ़ आती है, वृष्टि होती है, जहां तूफान आता है वहां पतन होता है तो स्टेट गवर्नमेंट ने केन्द्रीय सरकार से कितनी सहायता मांगी है और आपने कितनी सहायता दी है यह मैं जानना चाहूंगा।

श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर (मध्य प्रदेश) : आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं तीस सेकिण्ड या एक मिनट में अपनी बात कहना चाहूंगा। मेरा सिर्फ सवाल यह है कि जहां साइक्लोन आया है जिससे 14 जिले प्रभावित हुए हैं उससे सबसे ज्यादा अगर किसी कम्युनिटी को नुकसान हुआ है तो किसान को हुआ है, उन की फसलों का हुआ है, उनके मवेशियों का नुकसान हुआ है। यह इन्होंने स्पेसिफिक रूप से नहीं बताया कितना हुआ है मैं चाहूंगा मंत्री महोदय इसे बतायें। आखिर में लिखा है कि कृषि तथा अन्य सार्वजनिक सेवाओं को पहुंची क्षति 792.78 करोड़ की है। यह बताइये कि कृषि से संबधित जो नुकसान हुआ है जिसमें फसल भी आती है, जिनका किसानों से संबंध है, वह कितना हुआ है और उसकी क्षतिपूर्ति के लिए आप क्या करने जा रहे हैं? क्योंकि इस देश में सबसे दुर्भाग्यशाली कोई है तो वह किसान है। उसका जितना नुकसान हुआ क्या सरकार उसकी भरपाई कर पायेगी ? मैं दूसरा सवाल मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं यह जो पशु, भेड़-बकरियों और कुक्कुटों के बारे में लिखा है क्या उनकी क्षति पूर्ति करने की कोई योजना है ? अंत में एक बात मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि अपने वक्तव्य के 10वें नम्बर पर कहा है कि वर्षा के पानी से भीगे, मलिन हो गये धान तथा चावल की खरीद और मानदंडों में ढील

दी गयी है तो मेरा इस पर ग्राब्जेक्शन है। यह जो ढील दी गयी है इस ढील में क्या ऐसे ग्रनाज को खरीदा जायेगा जिस को दूसरे लोग ग्रगर उपयोग में लायेंगे तो उनको ग्रपनी जान से हाथ धोना पड़ेगा ऐसी कोई योजना है कि इसको वापस लिया जा सके ?

डा० ग्रबरार ग्रहमद खान (राजस्थान) : मैं एक सवाल पूछना चाहता हूं कि ग्रभी खलीलुर रहमान साहब ने एक सवाल उठाया था बहुत महत्वपूर्ण है . . .

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश चतुर्वेदी) : उन्होंने जो सवाल पूछा था उसे छोड़िये। ग्रपना सवाल पूछिये।

डा० ग्रबरार ग्रहमद खान : मैं उसी से संबंधित सवाल पूछ रहा हूं। वहां जो तूफान की वजह से समुद्र के पानी ग्रौर रेत से जो कृषि भूमि बेकार हो गई है, फर्टीलिटी खत्म हो गई है उसके लिए वह रिवाइव की बात पूछ रहे थे लेकिन मैं इसके साथ यह भी जानना चाहता हूं कि ऐसी कितनी भूमि है जिसकी फर्टीलिटी खत्म हो गई है ग्रौर उस फर्टीलिटी को रिवाइव करने के लिए सरकार कोई कदम उठा रही है ? यदि उठा रही है तो वह क्या है ?

SHRI GOPALSINH G. SOLANKI (Gujarat): I would like to have a clarification with regard to para 4, item No. 12, where in the damage to agriculture, other public utility services has been to the tune of Rs. 792·78 crores. I would like to know, what is the total loss during this particular cyclone in Andhra Pradesh and Tamil Nadu so far as these two items are concerned? This has not been clarified.

In para 7 it is said that our Prime Minister has given Rs. 2 crores, Rs. 32·25 crores and another amount of Rs. 32·25 crores is to be paid to the respective States. I would like to state that on 11th May it was stated that the Centre would give assistance to the extent of 75 per cent of the total damage. Why has 75 per cent not been given? In respect of para 10, it has been said that the institutions like Insurance agencies and other local bodies have been directed to assist and report. What aid has been given by those agencies, that may also be clarified.

SHRI J. S. RAJU (Tamil Nadu): Sir, according to the press reports, the loss of human lives is 13, but in the statement made by the honourable Minister it is mentioned as seven. I just want to know whether it is seven or 13.

श्री नितिश कुमार : महोदय, बीस माननीय सदस्यों ने इस वक्तव्य पर ग्रपना स्पष्टीकरण पूछा है। सबसे पहले यह पुराना वक्तव्य है, इसकी चर्चा माननीय सदस्यों ने की है। सदन इस बात से ग्रवगत है कि मैं पिछले सप्ताह वक्तव्य देना चाह रहा था ग्रौर श्री ग्रहलूवालिया जी ग्रच्छ तरह से जानते हैं कि वक्तव्य क्यों नहीं दिया जा सका। ग्राप भी चेयर पर थे यह बात हुई थी कि सोमवार को ग्राएगा। तब से मैं प्रतीक्षा में था कि कब यह बात ग्राएगी। ग्राज ग्रचानक सूचना मिली कि उस पर क्लेरीफिकेशन्स लिये जायेंगे। उसके चलते यह पुराना वक्तव्य हो गया। ग्रगर कहीं से इस सदन में ग्राने से पहले यह जानकारी होती कि मुझे इस स्टेटमेंट को पढ़ना पड़ेगा तो मैं बिलकुल ग्रप टू डेट ग्राज दोपहर तक की स्थिति का उसमें जिक्र करता। लेकिन मुझको जानकारी थी कि उसी पुराने वक्तव्य पर क्लेरिफिकेशन्स पूछे जायेंगे। इसलिए मेरे पढ़ते वक्त ग्रापने गौर किया होगा, एक दो जगह मैंने स्वयं सुधार किया। पैरा 7 में जो टाइप्ड है उसमें लिखा था—राज्य सरकार द्वारा पहले निर्मुक्त की गई राशि व्यय कर लिये जाने पर 32.25 करोड़ रुपये की शेष राशि भी तत्काल निर्मुक्त कर दी जाएगी। मैंने उसमें संशोधन करके कहा कि 28–5–90 को 32 करोड़ 25 लाख रुपये की शेष राशि भी तत्काल निर्मुक्त कर दी गई है।

जहां तक तमिलनाडु के संबंध में सवाल किया गया है कि डेथ 7 या 13 हैं। मैंने ग्रपना वक्तव्य पढ़ते वक्त कहा कि तमिलनाडु की लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों का फीगर 13 हो चुका है। मैं

[श्री नितिश कुमार]

इसके लिए क्षमा चाहता हूं कि अंतिम समय में जानकारी मिली कि मुझे सुओ मोटो स्टेटमेंट देना है, आप टू डेट स्टेटमेंट मैं नहीं दे सका। पुराना स्टेटमेंट था उसी को मैंने पढ़ा है। नई बातों को मैं क्लेरिफिकेशन के दौरान बताऊंगा। सब से पहले मृतकों की संख्या की सफाई दे रहा हूं। कई सदस्यों ने कहा कि पुरानी रिपोर्ट है और आन्ध्र प्रदेश के बारे में 976 डेथ हुई हैं। लेकिन सदन की सूचना के लिए मैं कहना चाहता हूं कि अब आन्ध्र प्रदेश सरकार से जो रिपोर्ट मिली है जो डेमेज उन्होंने दिखाया है उसके बारे में कहा गया कि अलग-अलग कुछ नहीं बताया गया है। सदन के पास अपना बिजनेस है। नहीं तो मेरे पास पूरी रिपोर्ट है कि किस किस क्षेत्र में क्या हुआ है जैसे कृषि हो, चाहे बागवानी हो, सड़क हो, चिकित्सा हो, किस क्षेत्र में कितनी क्षति हुई है, उसको अगर आपकी इजाजत हो तो मैं पढ़ सकता हूं कि किस क्षेत्र में कितना नुक्सान हुआ है, उसको लेकिन एक चीज मैं कहना चाहता हूं कि जो वक्तव्य दिया गया है उसके बाद आन्ध्र प्रदेश की सरकार की तरफ से अभी तक कोई विस्तृत विवरण जो हो सकता है वह नहीं मिला है। जो कुछ मिला है वह यही मिला है कि राज्य सरकार ने 30-5-90 को एक टैलेक्स मैसेज के द्वारा सूचित किया है कि कुल मृतकों की संख्या पहले 976 दी गई थी। उसमें उन्होंने कंफर्म किया है कि 817 निश्चित रूप से मरे हैं और 150 मृतक व्यक्तियों के बारे में ब्यौरा उनको मिला है जिनके बारे में वे जांच कर रहे हैं और जिला अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि ये फेक फीगर्स हैं या जेन्युअन फीगर्स हैं। मृतकों की संख्या 976 थी, अब 817 है राज्य की रिपोर्ट के मुताबिक और 150 के बारे में वे जांच करवा रहे हैं।

कई माननीय सदस्यों ने प्रोक्योरमेंट के बारे में कहा गया है। एक माननीय सदस्य ने इस पर एतराज भी किया। अगर उन्होंने मेरे वक्तव्य को सफाई से पढ़ा होता तो उनको पता चलता कि उसमें लिखा है कि वह खाने योग्य रहे। जो जरूरी नार्म्स हैं वे एक सीमा तक ही रिलैक्स किये जाते हैं, खाने योग्य रहे, इनहाइजिनिक नहीं रहे, हाइजनिक रहे, इसको देखा जाता है। उन्होंने यह सवाल उठाया, इसलिए सुविधा के लिए और किसानों को राहत पहुचाने की दृष्टि से खरीदा जाता है। जो अब तक खरीद हुई है, जो मैसेज आज मिला है उसके मुताबिक 30 मई, 90 तक 13586 टन धान का प्राक्योरमेंट हुआ है और 31807 टन चावल की खरीद की गई है। अधिक से अधिक खरीद के लिए बार बार यहां से कहा जा रहा है। मैं सदन को बताना चाहता हू कि आज ही उप-प्रधान मंत्री एवं कृषि मंत्री चौधरी देवी लाल से आंध्र प्रदेश के कुछ संसद सदस्यों का एक शिष्ट मंडल मिला था। यहां पर माननीय सदस्यों ने इस सवाल को नहीं उठाया लेकिन वहां यह सवाल उठाया गया था कि प्रोक्योरमेंट के बारे में ठीक से, मुस्तैदी से काम नहीं हो रहा है। इस संबध में पुनः निर्देश दिये जा रहे हैं और सख्ती से अधिक से अधिक खरीद की जायेगी। जो किसान इस लायक बच गये हैं और नार्म्स को जितना रिलैक्स किया गया है उसके अन्तर्गत जो आयेंगे उन से खरीदने के लिए एक एफ० सी० आई० को बराबर निर्देश दिया जा रहा है।

कुछ माननीय सदस्यों ने मकान आदि के संबंध में सवाल उठाये हैं। वहां पर आंध्र प्रदेश में हुडकों के चैयरमैन गये थे प्रधानमंत्री के निर्देश के आलोक में और वे आंध्र प्रदेश सरकार से बात करके लौटे हैं। वहां पर 1 लाख मकान हुडको बनायेगा। मकान कितने गिरे हैं इसकी फिगर्स उद्धृत की जा चुकी है। लेकिन एक लाख पक्के मकान हुडको बनायेगा, इसमें सहमति हो चुकी है। इस पर 90-95 करोड़ रुपये के आस-पास व्यय होगा। प्रारम्भिक आंकलन के मुताबिक फिलहाल 11 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी जा चुकी है। बाकी रकम कैपिटल मार्केट से, कसोटेरियम के द्वारा ... (व्यवधान) ... 90-95 करोड़ रूपये वह ब्यौरा है जो हुडको खच करेगा। बाकी अरेंज करने का प्रयास कर रहे हैं।

यहां पर इस बात की भी चर्चा हुई कि जो राहत केन्द्र सरकार के द्वारा पहुचाई

है वह नाकाफी है। महोदय, नाइंथ स कमीशन के रेकमन्डेशन के अनुर राज्य के लिए अलग अलग कैलामटी ना दिया गया है। लगभग 805 रुपये का रिलीफ फंड, 25 राज्यों अलग अलग बना है। इसमें आंध्र लिए 86 करोड़ रुपये हैं। इसमें नशन केन्द्र का हिस्सा है और बाकी तिशत राज्य सरकार का हिस्सा है। सरकार का जो 75 प्रतिशत हिस्सा 64 करोड़ 50 लाख रुपया वह केन्द्र रिलीज कर दिया गया है। अब जहां क अतिरिक्त सहायता का सवाल है इसके संबंध में नाइंथ फाइनेंस कमीशन की रेकमेंडेशन है और इसके मुताबिक इस पर और किया जा रहा । यह जो कैलामटी रिलीफ फंड है वह इसलिए बनाया गया है क्योंकि जब भी जरुरत होती थी तो राज्य सरकारें केन्द्र की ओर दौड़ती थीं और वहां पर बार बार सेंट्रल टीम जाती थी, वे असिसमेंट करते थे अलग अलग मामले पर निर्णय होता था। इस चीज से बचने के लिए कैलामटी रिलीफ फंड बनाया गया है और 75 फीसदी उसमें केन्द्र का हिस्सा है। आंध्र में तूफान आया तो केन्द्र सरकार ने अपना पूरा हिस्सा रिलीज कर दिया है। बाकी पैसा आंध्र प्रदेश सरकार को देना है, 25 प्रतिशत देना है। इतने बड़े पैमाने पर यह क्षति हुई है जिसको आंका नहीं जा सकता। बड़े पैमाने पर क्षति हुई है, इसमें दो राय नहीं हो सकती । हमें राजनीति से ऊपर उठकर ऐसे मसलों में..

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : खुदा न करे फिर आंध्र प्रदेश में कोई ऐसी कैलामटी हो जाय तो आप जो नाइंथ फाइनेंस कमीशन का पैसा है उसको भी आप टोटली एक्जास्ट कर चुके हैं, तो कल कुछ ऐसी बात हो जाती है तो आप क्या करेंगे ?

श्री शिवराज पाटिल : माननीय सदस्य जो पूछ रहे हैं तो जब इतनी बड़ी विपदा आयेगी तो केन्द्र सरकार हाथ रोककर नहीं रह सकती । जो भी उसके पास है, जो आंध्र का हिस्सा होगा वह उसको रिलीज करेगी, यह केन्द्र सरकार का फर्ज है। जैसा माननीय सदस्य कह रहे हैं कल भगवान न करे ऐसा हो लेकिन अगर ऐसा होता है तो यह समूचे देशसवासियों का दायित्व है, यह सोचना हम सब का और सरकार का दायित्व है। उस विपत्ति की घड़ी में हम सब लोग मिलकर उस विपत्ति का मुकाबला करेंगे। इसमें आप और हम सब मिलकर राहत पहुंचाने के लिए जो कुछ भी संभव होगा, वह करेंगे।

यह जो राशि बची है यह राज्य सरकार को देनी है। मैंने जैसे कहा कि अब इससे उसकी भरपाई नहीं हो सकती है, इसमें कोई दो राय नहीं है। यह जो रुपया दिया गया है रिलीज का, उससे पूरे नुकसान की भरपाई नहीं की जा सकती है। उनको मदद देने के मामले में अभी हमारे माननीय प्रधानमंत्री वहां गये थे तो उन्होंने वहां पर कई निर्देश दिए रिलीफ के मुताल्लिक। मैं इस समय यहां पर उसकी तफसील में नहीं जाना चाहता हूं। महोदय जिन सवालों को माननीय सदस्यों ने उठाया है उनका जबाव देकर मैं समाप्त कर दूंगा। लेकिन एक बात जो वहां कही गयी कि इसमें और सहायता मिलनी चाहिये, तो इसके लिये प्रधान मंत्री जी ने निर्देश दिया कि इसको इक्जामिन करें। इक्जामिन करने के लिये एक एक्सपर्ट ग्रुप भी यहां बना हुआ है। प्रधान मंत्री जी के जो प्रिंसिपल सेक्रेटरी हैं, उन्होंने एक बैठक 24 मई को विभिन्न विभागों की बुलाई। तो इस पर चर्चा हो रही है, विचार हो रहा है। लेकिन इन्तजार किया जा रहा है, आन्ध्र प्रदेश सरकार की रिपोर्ट का। जो उनकी रिपोर्ट है, उनकी जरूरत है, आवश्यकता है, इसके बारे में जब वे पूरी रिपोर्ट दे देंगे और वाजिब रिपोर्ट दे देंगे, तो इसके बाद भी उस पर विचार होगा। एक्सपर्ट कमेटी बनी हुई है, उसके बाद उनकी रिपोर्ट पर विचार करेगी, उस लास को असेस करेगी, तब आगे की कार्यवाही हो सकती है। जो संभव होगा, उसको केन्द्र सरकार करने का प्रयास करेगी।

मैं गुजारिश करना चाहूंगा और जैसा मैंने पहले कहा कि ऐसे विपत्ति के काल में हम लोगों को राजनीति से ऊपर उठकर काम करना चाहिये। एक माननीय सदस्य

[श्री नितिश भारद्वाज]

ने उठकर कह दिया कि मैंने अपने पूरे वक्तव्य में आन्ध्र प्रदेश सरकार की प्रशंसा नहीं की । शायद उनकी नजर से ओझल हो गया होगा, उन्होंने देखा नहीं होगा, मैं उनसे अनुरोध करूंगा कि पैरा 6 देख लें—"आन्ध्र प्रदेश की राज्य सरकार ने निचले इलाके के लोगों को निकालने में समय से कार्यवाही की" यह आन्ध्र प्रदेश की प्रशंसा ही है। जो कुछ भी आन्ध्र प्रदेश की सरकार ने किया उसका इसमें उल्लेख किया गया है । अपनी तरफ से केन्द्र सरकार ने इस पर कोई राजनीति करने का प्रयास नहीं किया है । जो भी संभव हुआ किया । दो बार प्रधान मंत्री जी गये और उन्होंने निर्देश दिया और उन निर्देशों के आलोक में तत्काल कार्यवाही की जा रही है।

जो आपने स्पष्टीकरण मांगे हैं और कृषि के बारे में जो कहा कि जमीन खराब हो रही है या किसानों को और क्या राहत दी जा सकती है .... (व्यवधान)

SHRI SANTOSH BAGRODIA: He doesn't say. He is making a wrong statement.

SHRI NITISH KUMAR: Why? How?

SHRI SANTOSH BAGRODIA: Para 6 does not say. I don't understand this English. I have got the English translation. Here he does not say anything about the Andhra Pradesh Government.

SHRI MENTAY PADMANABHAM: In spite of all his mistakes the Minister is giving praise to the Andhra Government. (*Interruptions*)

श्री नितिश कुमार : मैं सुन रहा हूं, बताइये जरा।

DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY: It says the Andhra Pradesh Government took timely action.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): The Minister is capable enough. He will reply. Don't interrupt.

श्री सन्तोष बागड़ोदिया : आपने अभी कहा कि आन्ध्र प्रदेश सरकार के लिये हमने आब्जेक्शन किया । आपने कहीं उनकी बड़ाई नहीं की । आपने कहा, नहीं, की है ? लेकिन इसमें कहीं नहीं है ।

श्री नितिश कुमार : इसमें पैरा 6 देखा जाये ।

श्री सन्तोष बागड़ोदिया : मैं पैरा 6 ही देख रहा हूं, इंग्लिश वाला देख रहा हूं ? हिन्दी में है, तो पता नहीं ।

THE LEADER OF THE OPPOSITION (SHRI P. SHIV SHANKER): It says: "The Members may recall the huge loss of human lives numbering 10,000 during the 1977 cyclone in Andhra Pradesh. However, because of the timely preventive measures, the loss of human lives could be minimised this time."

SHRI H. HANUMANTHAPPA: One minute, please. I am the man who raised that objection. I mentioned that in your paragraph 6, in the last line you say: "Their efforts are praise worthy."

SHRI NITISH KUMAR: So?

SHRI H. HANUMANTHAPPA: It is about the Meterological Department. In your Para 12, you say.....(*Interruptions*) You don't have the courtesy to say: the State Government. That was my objection.

श्री नितिश कुमार : मैंने जो स्टेटमेंट पढ़ा है, आन रिकार्ड वही है..... (व्यवधान)

श्री सन्तोष बागड़ोदिया : हिन्दी में होगा, अंग्रेजी में नहीं है ।

श्री नितिश कुमार : मैं हिन्दी में बोल रहा हूं । हिन्दी में है । अंग्रेजी में अगर कोई गलती होगी तो उसको

ार लिया जायेगा। पता नहीं कहीं ी स्टेज में गलती होगी।

श्री पी० शिवशंकर: अंग्रेजी में टेटमेंट है कि—

"On receipt of warning from the Meteorological Department ...ding the cyclone, the State ...ernment of Andhra Pradesh took ...y action in evacuating the people ...n the low-lying areas."

...ा ही लिखा हुआ है।

श्री नितिश कुमार : यह जो मैंने स्टेटमेंट दिया है, इस हाउस में... (व्यवधान)

SHRI MENTAY PADMANABHAM : What is wrong in it. (*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI) : Please sit down. I have not allowed you to speak.

श्री नितिश कुमार : महोदय, अंग्रेजी वर्शन में वह मेंशन छूट गया हो, तो उसके लिये मैं क्षमाप्रार्थी हूं।

DR. YELAMANCHILI SIVAJI: Sir, ...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI) : No, Dr. Sivaji. Please, no

श्री पी० शिव शंकर : आप जहां फरमा रहे हैं। पैराग्राफ 6 में जहां आप शुरू करेंगे वहां देखिये

(*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI) : No. It will not end that way.

अच्छी चीज बड़ी मुश्किल से दिखती है। अच्छा आगे चलिये।

SHRI HARVENDRA SINGH HANSPAL (Punjab) : One minute, Sir.

श्री नितिश कुमार : अब यह बात हो गयी कि इसमें आन्ध्र प्रदेश सरकार की चर्चा हम लोगों ने की है.... (व्यवधान) अब तो क्लैरीफिकेशन इतनी बार हो ही गये हैं, उनका जबाब तो सुन लीजिये।

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल : आपने कहा है कि —

"Para 7 starts : Our Prime Minister visited cyclone affected areas. Para 8 says : The Deputy Prime Minister and Agriculture Minister has already provided financial assistance."

वहां पर "अवर" है, यहां पर "दी" है, इसका कोई फर्क समझायेंगे कि यह क्या है।

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश चतुर्वेदी) : आपके मंत्री बहुत होशियार हैं। यह जबाब दे सकते हैं। आप फिक्र मत करिये।... (व्यवधान) ...

श्री नितिश कुमार : महोदय, मैं जानकारी दे रहा था कि जो सवाल उठाया गया कि केन्द्रीय सरकार की तरफ से, कृषि विभाग की तरफ से, जो खेतो का बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है, जमीन खराब हुई है, इस संबंध में क्या किया जा रहा है?

एग्रीकल्चर, कोआपरेशन डिपार्टमेंट की तरफ से राज्य सरकार को कुछ हिदायतें दी गई हैं, सलाह दी गयी है, कि आप इनका पालन करें, किसानों तक इन बातों को पहुंचायें और कृषि विभाग प्रतीक्षा कर रहा है कि वहां से कोई वह कंटिन्जेंसी प्लन न बना करके हमारे पास भेजेंगे, ताकि उनकी संभव सहायता, मदद की जा सके। वहां से रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है और हम लोगों ने उनको सलाह दी है, कि कंटीजेंसी प्लान बनाइये, आकस्मिक योजना बनाइये और उस आकस्मिक योजना को यहां पर बनायेंगे, तो उस पर हम विचार-विमर्श करके जो भी संभव मदद होगी, वह की जायेगी, क्योंकि रिलीज का सवाल, रिलीज का वितरण है, या उसको मुहैया करने का सवाल हो, यह राज्य सरकार का मामला है। यह ...ि, बागवानी तम म ...र ज्य सरका की चीज है। हम लोग उनकी मदद कर सकते हैं, सहयोग कर सकते हैं लेकिन एग्जाक्यूट करने का काम राज्य सरकार का है।

[श्री नितिश कुमार]

हम उम्मीद करते हैं कि राज्य सरकार सक्षम होगी, जो रिलीफ दिये जा रहे हैं, जो वहां लोगों की जरूरत है, उसके मुताबिक उनको राहत पहुचाने में, लेकिन अगर कोई शिकायत रह गई है, तो यह राज्य सरकार के स्तर पर भी इस बात को किया जा सकता है ।

माननीय सदस्यों ने चर्चा की कि वहां पर जो साइक्लोन अफैक्टेड लोग थे, उन पर गुंटूर जिले में गोली चली । ऐसी और भी चीजों की उन्होंने चर्चा की । अगर साइक्लोन अफैक्टेड लोगों पर गोली चली है, तो किस परिस्थिति में गोली चली, क्या कारण थे, हम लोगों के पास कोई वैसी जानकारी... (**व्यवधान**)...

SHRI MENTAY PADMANABHAM :*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI) : Not allowed. Nothing will go on record.

श्री **नितिश कुमार** : गोली किस परिस्थिति में चली, उसके बारे में हम लोगों को सूचना नहीं है, लेकिन इतना जरूर है कि अगर साइक्लोन अफैक्टेड लोगों पर गोली चली है, तो वह दुर्भाग्यपूर्ण है, और सबको मिल कर लोगों को राहत पहुंचाने का काम करना चाहिए, प्रशासन को भी संयम बरतना चाहिए और इस परिस्थिति में जितना नुकसान हुआ है, जो आदमी पीड़ित है, स्वाभाविक है कि वह अपनी आवाज़ बुलंद करना चाहेगा और मांगेगा ।

मैं चर्चा कर रहा था कि प्रधान मंत्री के निर्देश के मुताबिक, चाहे वह हुडको हो, हाऊसिंग बैंक हो, या व्यापारिक बैंक हो, सब को कहा गया है कि आप तुरंत पक्का मकान बनाने की व्यवस्था करें।

कई माननीय सदस्यों ने बीज आदि का भी सवाल उठाया है तो इस संबंध में प्रधान मंत्री ने निर्देश दिया है, राज्य सरकार को बता दिया गया कि राष्ट्रीय बीज निगम और स्टेट फार्म्स में कितने बीज किस-किस प्रकार के उपलब्ध हैं ; इसकी वह सूचना दें उनको हर संभव सहायता प्रदान जाएगी, यह भी प्रधान मंत्री का निर्देश

जैसा कि मैंने बताया कि क्रॉप प्लान बनाने का उन लोगों से किया गया है और जो प्रधान मं निर्देश भी था, और मैंने आपको दिया है कि जो भीगे हुए धान थे, मा नार्म्स रिलैक्स करके, उसको खरीदा गय

कुछ माननीय सदस्यों ने सवाल उठा कि इतना बड़ा नुकसान हुआ, रेल की पटरि और सड़कें ध्वस्त हुई और दूर संचार क व्यवस्था ठप हुई, तो इस संबंध में अभी तक क्या प्रगति है ?

तो मैं सदन को बता देना चाहता हू कि समालकोट और विशाखापटनम रेलवे पटरियों के टूट जाने के कारण परिवहन में गंभीर रूप में बाधा उत्पन्न हो गई है । डाऊन लाईन ठीक कर दी है, अपलाईन 5 जून तक चालू हो जाएगी, सिवाये गोलाप्रोलु से रावीवलपाडु सैक्शन के, जिसके 15 जुलाई तक चालू होने की संभावना है । रेल पटरियों को हुई अन्य सभी क्षतियों को कुल मिला कर पुनर्स्थापित कर दिया गया है ।

अब जहां तक दूर संचार का सवाल है, दूर संचार द्वारा गठित दल ने 14a5a1990 को आंध्र प्रदेश का दौरा किया था । क्षतिग्रस्त लाइनों, एक्सचेंजों के 93 प्रतिशत भाग को ठीक कर दिया गया है और शेष की स्थिति भी सामान्य हो जाएगी ।

जहां तक राजमार्गों का सवाल है, भूतल परिवहन मंत्रालय द्वारा गठित वर्किंग ग्रुप ने 15 मई को आंध्र प्रदेश का दौरा किया था। नेशनल हाईवे-5 यातायात के लिए पूर्ण रूप से चालू हो गया है । सालूर शहर के नगरपालिका क्षेत्र में आने वाला पुल भी क्षतिग्रस्त होने से राष्ट्रीय राजमार्ग–43 अभी भी आंशिक रूप से प्रभावित है । वहां रेस्टोरेशन का काम प्रगति पर है । उसके रेस्टोरेशन के लिए तत्काल 50 लाख रुपए की धनराशि पहले ही रिलीज की जा चुकी है और स्थाई उपाय अपनाने पर भी विचार किया जा रहा है ।

†Not recorded.

महोदय, मैंने चर्चा की कि भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को ऋणों को सस्पेंड करने, कनवर्ट करने और रिशेड्यूल करने का निर्देश दिया है । रिजर्व बैंक आफ इंडिया ने ही निर्देश दिया है । इसलिए माननीय सदस्य जो स्पष्टीकरण पूछने जा रहे थे उस संबंध में विस्तृत निर्देश दिया गया है । इस योजना की प्रगति की समीक्षा करने के लिए राज्य और जिला स्तर पर बैंकिंग सलाहकार समितियां नियमित रूप से बैठक करती रही है । शीर्ष बैंकों के मार्गदर्शन के तहत सभी बैंक राज्य और जिला अधिकारियों के साथ निकट संपर्क में काम कर रहे हैं ताकि इस मामले में सभी प्रकार की आवश्यक सहायता दी जा सके । इसके अलावा सार्वजनिक क्षेत्र के जो उपक्रम हैं या राष्ट्रीयकृत बैंक हैं, उन को निर्देश दिया गया है कि राहत कार्यों के लिए उस क्षेत्र को, शहर को, गांव को अपनाएं । सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और बैंकों की रिपोर्ट प्राप्त हो रही है कि वे जिलाधिकारियों की सलाह से गांवों और शहरों को अपना रहे हैं और खाद्य सामग्रियों के पैकिट्स, बर्तन, कपड़ा और दवाइयों इत्यादि के वितरण में भी उनके माध्यम से काफी सहायता मिली है और उन लोगों को और भी राहत पहुंचाने के लिए उपाय किए जा रहे हैं ।

महोदय, इस तरह से मैं समझता हूं कि जो कुछ भी सरकार की तरफ से किया गया है, यह कितना भी किया जाय कम ही कहा जाएगा । लेकिन अब तक जो किया जाता रहा है उससे अधिक तत्परता के साथ किया गया है । मैं सदन को सूचित करना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री जी दो बार गए हैं और 7 तारीख को इसी माह उप-प्रधान मंत्री जा रहे हैं । जो कुछ भी राहत दी गयी है, जो कुछ भी किया जा रहा है और उन को और क्या मदद की जरूरत है, क्या स्थिति है, क्या प्रगति है, यह जायजा लेने के लिए उप-प्रधान मंत्री एवं कृषि मंत्री 7 जून को आंध्र प्रदेश के दौरे पर जा रहे हैं ।

... (व्यवधान) ...

अब दो-तीन और सवाल हैं, जिनकी सफाई मैं देना चाहता हूं । एक माननीय सदस्य ने गुजरात के बारे में सवाल उठाया है ... (व्यवधान) ...

डा० शंकर पाण्डेय : राजीव गांधी का नाम भी लेना चाहिए । अपोजीशन के लीडर गए हैं, उनका नाम नहीं ले रहे हैं । देवीलाल जी और वी०पी० सिंह का नाम बार-बार दोहरा रहे हैं । यह खुली सरकार है इसलिए खुलकरके नाम लेना चाहिए ।

श्री नितिश कुमार : वह तो आप ले ही रहे हैं । आपने सदन को सूचना दे ही दी पाण्डेय जी । ठीक किया, आप का काम तो हो ही गया ।

गुजरात के संबंध में माननीय सदस्य ने सवाल उठाया था कि वहां के पंचमहल जिले में 6 लोग मारे गए हैं । इस संबंध में हमारे रिलीफ डिवीजन को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त नहीं है ।

श्री अन्तराय देवशंकर दवे : आपने कहा था, सूचना मंगवा रहे हैं... (व्यवधान) ..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI) : You seek my permission before you speak. Otherwise, your speech will not go on record.

श्री नितिश कुमार : इस सायक्लोन से संबंधित जितनी भी सूचनाएं रिलीफ डिवीजन को मिली हैं, चारों तरफ से एकत्रित कर उन सूचनाओं को मैं सदन के समक्ष रख रहा हूं । अभी तक हमारे रिलीफ डिवीजन को गुजरात में, जिसका हवाला माननीय सदस्य ने दिया है, उसकी कोई जानकारी हम लोगों को नहीं मिली है । अगर गुजरात में इस तरह का कोई हूमन लास हुआ है, गुजरात में नुकसान हुआ है, उड़ीसा में नुकसान हुआ है, यह बात उस सदन में उठायी थी, तमिलनाडु के संबंध में भी उठी थी—तो तमिलनाडु से कोई रिपोर्ट नहीं है, उड़ीसा से कोई रिपोर्ट नहीं है, गुजरात से कोई रिपोर्ट नहीं है । पांडिचेरी से प्रिलिमिनरी रिपोर्ट हम लोगों को प्राप्त हुई थी, उस में बहुत ज्यादा लास का जिक्र नहीं था । कहा गया था कि विस्तृत रिपोर्ट बनाकर

[श्री नितिश कुमार]

भेजिए। कहा गया है कि अब विस्तृत रिपोर्ट बनाकर के भेजिए ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं बता देना चाहता हूं कि कितने करोड़ रुपए का केलेमिटी रिलीफ फंड है, गुजरात का यह केलेमिटी रिलीफ फंड 85 करोड़ रुपए का है और वहां की सरकार अपने रिलीफ मेन्युअल के मुताबिक सहायता पहुंचाने में सक्षम है । केन्द्र सरकार का जो केलेमिटी रिलीफ फंड का 75 प्रतिशत रुपया है, वह केन्द्र सरकार देने को तत्पर है। गुजरात सरकार चाहे तो वह अपने नार्मस के मुताबिक उनको मुहैया करा सकती है । इसी तरह उड़ीसा की सरकार कर सकती है, यह तमिलनाडु की सरकार कर सकती है। उसमें कोई दिक्कत नहीं है। केलेमिटी रिलीफ फड इसीलिए बना है ।

महोदय, यह 25 हजार रुपया प्रति मृतक परिवार को देने के संबंध में कहा गया । मैं बताना चाहूंगा कि उप-प्रधानमंत्री ने घोषणा की थी, जो पीपुल ट्रस्ट है... (व्यवधान)...

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश चतुर्वेदी) : आप क्लेरिफिकेशन तो मांगते हैं, फिर जवाब सुनते नहीं हैं । मंत्री महोदय, माननीय सदस्य संतुष्ट हो चुके हैं।

श्री नितिश कुमार : महोदय, इसको कहकर खत्म कर देता हूं । इंडियन पीपुल नेचुरल कैलेमिटी ट्रस्ट से माननीय उप-प्रधान मंत्री और कृषि मंत्री, जो कि उसके पदेन अध्यक्ष भी हैं, उन्होंने घोषणा की थी कि 25 हजार रुपया हम प्रति मृतक के परिवार को देंगे । उसके बाद प्रधानमंत्री वहां गए और उन्होंने दो करोड़ रुपया प्रधानमंत्री राहत कोष से दिया । उसमें से 10 हजार रुपया प्रति मृतक पर बार को देने का प्रावधान है यानी 10 हजार रुपया प्रधानमंत्री राहत-कोष से मिलेगा और 15 हजार रुपया इस ट्रस्ट के पैसे से मिलेगा और दोनों को मिलाकर 25 हजार रुपया प्रत्येक मृतक के निकट संबंधी या मृतक परिवार को मिलेगा, जो अब तक साइक्लोन के मामले मे सबसे अधिक दिया जा रहा है।

अंत में, हम माननीय सदन से इतनी दरख्वास्त करेंगे कि हम सभी इस विपत्ति से दुखी हैं और आंध्र प्रदेश या दूसरे जो साइक्लोन से प्रभावित इलाकों के लोग हैं, उनकी तकलीफ में हम लोग उनके साथ हैं, दुखी परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हैं । हम चाहते हैं उनको इस तकलीफ से मुक्ति मिल सके और जल्दी उनका रेस्टोरेशन हो सके, रिहेबिलिटेशन हो सके, इसके लिए हम सभी चिंतित हैं । दलगत भेदभाव से उठकर केन्द्र सरकार, राज्य सरकार और दूसरी जो संस्थाएं हैं, कुछ स्वयं सेवी संस्थाएं, जिनका मैंने जिक्र किया वहां कार्यरत हैं । अगर समय रहता तो मैं उन स्वयं सेवी संस्थाओं का नाम भी गिना देता, तो सभी की मदद से इस विपत्ति का मुकाबला किया जा रहा है । वहां के लोगों ने जो यह गंभीर नुकसान झेला है, इसके प्रति हम सभी लोगों की हमदर्दी उनके साथ है और हम सभी लोगों का सहयोग उनको मिलेगा। धन्यवाद।

श्री राम नरेश यादव : महोदय, स्वयं सेवी संस्थाओं ने जो अनुदान दिया है ...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI) : No. No more speeches. Please pardon me. Yadavji, please pardon me. Please sit down. Now, reply to the debate on price-rise.

SHORT DURATION DISCUSSION

Steep rise in prices of essential Commodities—contd.

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI ANIL SHASTRI) : The Government attaches the highest priority to containment of inflation and we fully share the concern of hon. Members of the House regarding the rising trend of prices as it hurts the common man, particularly the poorer sections of the community